**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**09.12.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे**

## मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार किए प्रदान–शिमला की प्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित।
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हिमाचल में अब तक एक लाख 83 हजार से अधिक अभ्यार्थियों का हुआ चयन।
- सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने हिमाचल में स्टार्टअप व वर्कफ्रॉम हिमाचल मिशन बनाने का केंद्र से किया अनुरोध।
- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 12 व 13 दिसम्बर को हिमाचल दौरे पर रहेंगे–पार्टी के प्रदेश कार्यालय भवन की रखेंगे आधारशिला।

- समाज सेवी संस्था संजीवनी चिट्टा मुक्त अभियान के तहत प्रदेश के हर ज़िला में आयोजित करेगी जागरूकता कार्यक्रम।

## राष्ट्रपति–हस्तशिल्प पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में 2023 और 2024 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए। ये प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान असाधारण कलात्मक निपुणता और भारत की समृद्ध व विविध हस्तशिल्प विरासत के संरक्षण और संवर्धन के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि कला लोगों को विभिन्न संस्कृतियों और एक–दूसरे से जोड़ती है।

उन्होंने कहा कि हस्तशिल्प न केवल एक सांस्कृतिक पहचान है बल्कि लोगों की आजीविका का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र देश के 32 लाख से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करता है और उनमें से अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों से हैं।

समारोह में राष्ट्रपति ने शिमला की प्रिया को 30 वर्ष आयु वर्ग में वर्ष 2023 के लिए राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार से सम्मानित किया। प्रिया ने पुरस्कार मिलने पर खुशी जताते हुए कहा कि वे इस कला के माध्यम से हिमाचल प्रदेश का नाम दुनिया में लेकर जाएंगी।

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना ज़िला के हरोली के रोड़ा में साढ़े 6 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे ड्राईविंग ट्रैनिंग ट्रैक व ट्रैफिक पार्क की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्य में गति लाने और गुणवत्ता मानकों से समझौता न करने के निर्देश दिए। अग्निहोत्री ने कहा कि ये मॉडल पार्क प्रदेश का पहला सेंसर आधारित अत्याधुनिक ट्रैफिक पार्क होगा, जहां वाहन चालकों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार ट्रैफिक नियमों व सुरक्षित ड्राईविंग का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## इंदू गोस्वामी

केंद्रीय सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा है कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में अब तक एक लाख 83 हजार 2 सौ 45 अभ्यार्थियों का चयन किया गया है। राज्यसभा सांसद इंदू गोस्वामी द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने ये जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत अब तक देश में कुल दो करोड़ 72 लाख 52 हजार 9 सौ 86 अभ्यार्थियों को प्रशिक्षित किया गया है। शोभा करंदलाजे ने बताया कि योजना के तहत वित्त वर्ष 2023–24 से 2027–28 के लिए कुल 13 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने मंडी ज़िला के बल्ह उपमंडल में शिवा परियोजना के तहत निर्माणाधीन तमरोह कलस्टर का आज निरीक्षण किया। इस कलस्टर में 18 हैक्टेयर भूमि पर साढ़े 12 हजार जापानी फल के पौधे लगाए जा रहे हैं जिससे बागवानों को हर वर्ष अढ़ाई करोड़ रुपये की आमदनी होने का अनुमान है। जगत सिंह नेगी ने बताया कि शिवा परियोजना के तहत पौध रोपण, पौधे उपलब्ध करवाने, ड्रिप सिंचाई व्यवस्था, फैंसिंग और पानी की आपूर्ति सहित सभी सुविधाए निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है।

## कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार व ढांचागत विकास के लिए सार्थक कदम उठा रही है। वे आज भटियात उपमंडल के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सिंहुता के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। पठानिया ने कहा कि राज्य सरकार ने अगले वित्त वर्ष से करीब सौ स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने का फैसला लिया है और इसमें भटियात क्षेत्र के 3 स्कूल भी शामिल है।

## सिकंदर

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने हिमाचल में स्टार्टअप व वर्क फ्रॉम हिमाचल मिशन बनाने का केंद्र सरकार से आग्रह किया है। आज संसद में उन्होंने कहा कि प्रदेश के पढ़े लिखे युवा दिल्ली, नोएडा और चंडीगढ़ सहित अन्य बड़े शहरों में काम की तलाश में जा रहे हैं, जिससे उनका समय, पैसा और परिवार से दूर रहने का संघर्ष बढ़ जाता है। सिकंदर कुमार ने कहा कि हिमाचल में प्रतिभा की कमी नहीं है बल्कि अवसरों की कमी है। इसलिए यहां छोटे उद्योगों, आईटी सेवाओं, ई–कार्मस और पर्यटन से जुड़े व्यवसायों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाए।

## बिंदल

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा 12 व 13 दिसम्बर को हिमाचल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में बताया कि जगत प्रकाश नड्डा 12 दिसम्बर को शिमला पहुंचेगे व 13 दिसम्बर को पीटरहॉफ में उनके सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया जाएगा। बिंदल ने बताया कि इसी दिन जगत प्रकाश नड्डा पार्टी के प्रदेश कार्यालय भवन का भूमि पूजन भी करेंगे।

## चिट्टा मुक्त अभियान

प्रदेश में बढ़ रहे नशे के खिलाफ सत्ता पक्ष व विपक्ष के साथ–साथ समाजसेवी संस्थाएं भी जनजागरण अभियान चला रही हैं। इसी कड़ी में 7 ज़िलों की 17 स्वयं सेवी संस्थाओं ने संजीवनी संस्था के बैनर तले प्रदेश में चिट्टा के विरूद्ध एक व्यापक अभियान शुरू किया है। समाज सेवी संस्था संजीवनी के अध्यक्ष महेंद्र धर्माणी ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि बीते दिनों शिमला में हुई कार्यशाला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा चिट्टा मुक्त अभियान को लेकर जरूरी दिशा–निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन निर्देशों का पालन करते हुए अब संजीवनी संस्था प्रदेश के हर ज़िला में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगी।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय हस्तशिल्प पुरस्कार किए प्रदान–शिमला की प्रिया राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित।
- प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत हिमाचल में अब तक एक लाख 83 हजार से अधिक अभ्यार्थियों का हुआ चयन।
- सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने हिमाचल में स्टार्टअप व वर्कफ्रॉम हिमाचल मिशन बनाने का केंद्र से किया अनुरोध।

- भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 12 व 13 दिसम्बर को हिमाचल दौरे पर रहेंगे–पार्टी के प्रदेश कार्यालय भवन की रखेंगे आधारशिला।

- समाज सेवी संस्था संजीवनी चिट्टा मुक्त अभियान के तहत प्रदेश के हर ज़िला में आयोजित करेगी जागरूकता कार्यक्रम।

————————————